समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# डॉकिंग के बाद ISRO का एक और सुपर शॉट, 'बाहुबली'......

Publisher Published on 18 Jan 2025



**"ISRO भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का कहना है कि उसने अपने 'विकास' लिक्विड रॉकेट इंजन को वापस चालू करने मे संफलता हासिल की है. यह परीक्षण 17 जनवरी 2025 को किया गया था. इसको लेकर पिछले साल दिसंबर मे भंी एक छोटा सा परीक्षण किया गया था."**

**ISRO:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (**ISRO**) ने शनिवार 18 जनवरी 2025 को कहा कि उसने महेंद्रगिरी स्थित अपने प्रोपल्शन कॉम्पलेक्स में अपने '**विकास**' लिक्विड रॉकेट इंजन का सफल परीक्षण कर लिया है. स्पेस एजेंसी का कहना है कि '**विकास**' इंजन एक वर्किंग इंजन है, जो **ISRO** के प्रक्षेपण वाहनों के लिक्विड स्टेज को ताकत देने का काम करता है.

### ऐसे किया गया परीक्षण

**ISRO** के मुताबिक यह परीक्षण 17 जनवरी 2025 को किया गया. परीक्षण के दौरान इंजन को सबसे पहले 60 सेकेंड्स के लिए चालू किया गया. इसके बाद इसे 1-20 सेकेंड के लिए बंद करके फिर से 7 सेकेंड के लिए चालू किया गया. इस परीक्षण के दौरान इंजन के सारे पैरामीटर सामान्य और अपेक्षा के अनुरूप दिखे, जिससे यह परीक्षण सफल साबित हुआ.

### पहले भी किया गया परीक्षण

बता दें कि **ISRO** ने इंजन के रीस्टार्ट की प्रक्रिया को अधिक बेहतर बनाने के लिए कई बार परीक्षण किए. इससे पहले पिछले साल दिसंबर 2024 में भी इसका एक छोटा सा परीक्षण किया गया था. इस दौरान इंजन को 42 सेकेंड्स के लिए बंद किया गया था और फिर 7 सेकेंड्स के लिए इसे वापस चालू किया गया. बता दें कि **ISRO** आने वाले दिनों में और भी परीक्षण करने वाला है, जिससे भविष्य में वाहनों की लॉन्चिंग के लिए इंजन की स्थिरता और दोबारा इस्तेमाल करने की क्षमता में काफी सुधार हो सकता है.

### LVM3-M5 मिशन की हो रही तैयारी

बता दें कि अपने दूसरे मिशन के तहत **ISRO** ने अपने आने वाले **LVM3-M5** अभियान के लिए कोर लिक्विड स्टेज L110 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में भेजा है. इसे महेंद्रगिरी स्थित **ISRO** के प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर की ओर से डिजाइन किया गया है. वहीं इसमें 110 टन का प्रोपल्शन लोड होगा, जिसे ट्विन इंजन के जरिए ऑपरेट किया जाएगा. बता दें कि **LVM3** मिशन के तहत इस रॉकेट के जरिए एक कमर्शियल संचार सैटेलाइट को इस साल 2025 की दूसरी तिमाही तक लॉन्च कर दिया जाएगा.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.